झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

राष्ट्र निर्माण सेना

18 May 2023

Follow us on



**RN Sir**
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK
JSSC | DEFENCE - ARMY
CAPF | POLICE | Other Competitive Exam


Website : www.rnsacademy.in
Email : academyrns@gmail.com


Daily Current Affairs Booster


Contact : 8084818282, 9113365645


# Daily Current Affairs


Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 18 मई का इतिहास

- **1974 :** राजस्थान के पोखरण में अपने पहले भूमिगत परमाणु में अपने पहले भूमिगत परमाणु बम परीक्षण के साथ भारत परमाणु शक्ति संपन्न देश बना था। इस परीक्षण को स्माइलिंग बुद्धा का नाम दिया गया था।
- **2008 :** पार्श्वगायक नितिन मुकेशन को मध्य प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय लता मंगेशकर अलंकरण से सम्मानित किया।
- **1848 :** जर्मनी में पहली नेशनल एसेंबली का उद्घाटन हुआ।
- **2006 :** नेपाल नरेश को कर के दायरे में लाया गया।

## 18 मई से संबंधित करेंट अफेयर्स

- पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन के अगले सीएमडी पद के लिए परमिंदर चोपड़ा के नाम की सिफारिश की गई हैं। चोपड़ा महारत्न कंपनी की सीएमडी नियुक्त होने वाली पहली महिला होगी। वह भारत की सबसे बड़ी एनबीएफसी नियुक्त होने वाली पहली महिला होगी। पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन नेटवर्थ के अनुसार भारत की सबसे बड़ी गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी हैं।
- बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना को 16 जून से 25 जून तक बर्लिन में होने वाले बोद्धिक विकलांग व्यक्तियों के लिए आगामी विशेष ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय दल को प्रेरित करने और समर्थन करने के लिए चुना गया हैं। बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना स्पेशल ओलंपिक के लिए जाने वाले एथलीटों का हौसला बढ़ाएंगे। अभिनेता का कहना है कि वह कई उत्कृष्ट लोगों से मिलने के लिए भाग्यशाली हैं। उन्होंने कहा कि मेरे जीवन में और मेरे काम के माध्यम से मुझे कई उत्कृष्ट लोगों से मिलने का सौभाग्य मिला हैं।
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के शोधकर्ताओं और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के वैज्ञानिकों ने पानी के नीचे संचार के लिए सेंसर तकनीक विकसित की हैं। इस सेंसर तकनीक का इस्तेमाल भारतीय नौसेना पानी के नीचे संचार के लिए करेगी। यह तकनीक अपेक्षाकृत कम लागत पर उपकरणों के निर्माण को सक्षक करेगी क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय फाउंड्री की लागत अधिक हैं। शोधकर्ताओं ने पीजोइलेक्ट्रिक एमईएमएस तकनीक विकसित की है जहां उन्होंने 100 मिमी व्यास वाली पीजोइलेक्ट्रिक पतली फिल्म बनाई हैं।
- भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद और आयुष मंत्रालय ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। एमओए एकीकृत चिकित्सा के क्षेत्र में स्वास्थ्य अनुसंधान में सहभागिता और सहयोग को बढ़ाने के लिए हैं। वी.के.पॉल, सदस्य, नीति आयोग ने कहा यह कदम एम्स में आयुष विभागों को एकीकृत चिकित्सा विभागों के रूप में विकसित करने में मदद करेगा। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि आईसीएमआर और आयुष वैज्ञानिक प्रमाणों के आधार पर आयुर्वेद की पहचान को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करेंगे।
- विश्व बैंक ने भारत में जूनोटिक रोग को रोकने के लिए 82 मिलियन अमरीकी डॉलर के ऋण को मंजूरी दी। यह भारत के एक स्वास्थ्य दृष्टिकोण का समर्थन करेगा, जो मानता है कि लोग और जानवर अपने साझा पर्यावरण से जुड़े हुए हैं। यह नया कार्यक्रम पशु रोग के प्रकोप के जोखिम को कम करने में मदद करेगा। यह कार्यक्रम पशुधन और वन्यजीव क्षेत्रों रोग निगरानी और पशु चिकित्सा सेवाओं में सुधार करेगा।
- कार्बन क्रेडिट सर्टिफिकेट्स के व्यापार के माध्यम से ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन का मूल्य निर्धारण करके भारतीय अर्थव्यवस्था को डीकार्बोनाइज करने के उद्देश्य से एक राष्ट्रीय ढांचा स्थापित किया जाएगा। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो, विद्युत मंत्रालय, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय साथ मिलकर इस उद्देश्य के लिए कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग योजना विकसित कर रहे हैं।
- भारतीय बैडमिंटन संघ के संयुक्त सचिव उमर रशीद को 2023-2025 की अवधि के लिए बैडमिंटन एशिया की तकनीकी अधिकारी समिति के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया हैं। राशिद तकनीकी अधिकारियों की समिति के अध्यक्ष के रूप में नियमों और विनियमों के विकास और कार्यान्वयन की देखरेख करेंगे, जिससे देश भर में बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में कामकाज के मानकों में सुधार होगा।
- केंद्रीय कर अधिकारियों के लिए एसीईएस-जीएसटी बैकएंड एप्लिकेशन में जीएसटी रिटर्न के लिए स्वचालित रिटर्न स्क्रूटनी मॉड्यूल लॉन्च किया गया हैं। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के प्रदर्शन की हाल ही में समीक्षा की गई थी। यह मॉड्यूल अधिकारियों को डेटा एनालिटिक्स और सिस्टम द्वारा पहचाने गए जोखिमों के आधार पर चुने गए केंद्र प्रशासित करदाताओं को जीएसटी रिटर्न की जांच करने में सक्षम बनाएगा।
- मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने ई-फाइलिंग 2.0 लॉन्च किया। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ देश भर में ई-कोर्ट और मामलों की ई-फाइलिंग को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट परिसर में एक ई-सेवा केंद्र का भी उद्घाटन किया। कोई भी व्यक्ति ई-सेवा केंद्र का उपयोग न केवल ई-फाइलिंग सॉफ्टवेयर के माध्यम से मामले दर्ज करने के लिए बल्कि अन्य सेवाओं का लाभ उठाने के लिए भी कर सकता हैं।

# R.N.S ACADEMY

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 17 मई (B) 18 मई
(C) 19 मई (D) 20 मई

**(B)** अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस की स्थापना 1977 में अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय परिषद द्वारा की गई थी। इस दिन का उद्देश्य इस तथ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाना है कि म्यूजियम सांस्कृतिक आदान-प्रदान, उनके विकास और संरक्षण के महत्वपूर्ण साधन हैं। संग्रहालयों के दिन को अपनाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय परिषद ने मास्को, रूस में एक आम बैठक आयोजित की थीं।




**2. विश्व एड्स दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ?**

(A) 11 मई (B) 14 मई
(C) 16 मई (D) 18 मई

**(D)** विश्व एड्स दिवस हर साल 18 मई को मनाया जाता हैं। इसकी शुरूआत साल 1998 में हुई थी। यह दिन उन डॉक्टर्स और वैज्ञानिकों को समर्पित है जो इसकी रोकथाम के लिए निरंतर प्रयासरत हैं फिर चाहे वो शोध हो या टीक का निर्माण। इस दिन का उद्देश्य एचआईवी संक्रमण और एड्स के प्रसार को रोकने के लिए एचआईवी टीकों की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।




**3. हाल ही में किस बैंक ने ग्रीनवाशिंग को रोकने के लिए ग्लोबल फाइनेंशियल इनोवेशन नेटवर्क के साथ साझेदारी की ?**

(A) भारतीय रिजर्व बैंक (B) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया
(C) ICICI बैंक (D) बैंक ऑफ बड़ोदा

**(A)** भारतीय रिजर्व बैंक ने ग्रीनवाशिंग टेकस्प्रिंट में भाग लेने के लिए ग्लोबल फाइनेंशियल इनोवेशन नेटवर्क के साथ हाथ मिलाया है। इस आयोजन का उद्देश्य पर्यावरण, सामाजिक और शासन क्रेडेंशियल्स से संबंधित अतिरंजित, भ्रामक, या निराधार दावों से जुड़ी चिंताओं को दूर करना हैं।



**4. हाल ही में किस भारतीय अभिनेत्री ने टाइम मेगजीन के कवर पेज पर अपनी जगह बनाई है ?**

(A) आलिया भट्ट (B) कृति सेनन
(C) दीपिका पादुकोण (D) उपरोक्त सभी

**(C)** बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने हाल ही में टाइम मैगजीन के कवर पर आने वाली वैश्विक हस्तियों के एलीट क्लब में अपनी जगह बनाई हैं। टाइम के कवर पर फीचर होने वाले गिने-चुने इंडियन सेलेब्रिटीज में से एक दीपिका पादुकोण हैं। एक्ट्रेस का कहना है कि उन्होंने कभी भी भारत को दुनिया में ले जाने का लक्ष्य नही रखा बल्कि हमेशा दुनिया को भारत में लाने का लक्ष्य रखा हैं।




**5. हाल ही में आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज कौन बने है ?**

(A) ड्वेन ब्रावो (B) युजवेंद्र चहल
(C) भुवनेश्वर कुमार (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाज युजवेंद्र चहल इंडियन प्रीमियर लीग में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग के 143 मैचों में कुल 184 विकेट लिए हैं। उन्होंने इडन गार्डन में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की। ड्वेन ब्रावो 161 मैचों में 183 विकेट लेकर दूसरे स्थान पर हैं।



**6. भारत के कितने प्रतिशत गांवो ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण चरण II के तहत ओडीएफ प्लस का दर्जा हासिल किया ?**

(A) 20% (B) 35%
(C) 50% (D) 75%

**(C)** जल शक्ति मंत्रालय के अनुसार भारत के आधे गांवों ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण चरण II के तहत ओडीएफ प्लस का दर्जा प्राप्त कर लिया हैं। 2.96 लाख से ज्यादा गांवों ने खुद को ओडीएफ प्लस घोषित किया है। भारत 2024-2025 तक अपने एसबीएम जी चरण II लक्ष्यों को प्राप्त करने के ट्रैक पर हैं।




**7. हाल ही में किसने फूड डिलीवरी एप वायु लांच किया है ?**

(A) अक्षय कुमार (B) सुनील शेट्टी
(C) भावीश अग्रवाल (D) सोनू सूद

**(B)** सुनील शेट्टी को इस नए ऐप यानी वायु में ब्रांड एंबेसडर और निवेशक के रूप में शामिल किया गया है। इसका उद्देश्य ग्राहकों को मुंबई में किफायती और समय पर भोजन, होटल और रेस्तरां की सुविधा देना है। यह ऐप दावा करता है कि यह स्विगी या जोमैटो जैसे एग्रीगेटर्स की तुलना में 15% से 20% कम खर्चीला होगा।




**8. हाल ही में किस राज्य मे मुख्यमंत्री को भारत रत्न डॉ अंबेडकर पुरस्कार दिया गया?**

(A) उत्तर प्रदेश (B) झारखंड
(C) तेलंगाना (D) आंध्रप्रदेश

**(A)** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भारत रत्न डॉ. अंबेडकर पुरस्कार दिया गया। यह पुरस्कार भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा भय मुक्त उत्तर प्रदेश बनाने के लिए दिया गया। योगी आदित्यनाथ की और से यूपी विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने प्रतिष्ठित पुरस्कार ग्रहण किया।



**9. सुप्रीम कोर्ट ने किस राज्य सरकार को नौकरशाहों पर नियंत्रण रखने की शक्ति दी?**

(A) केरल (B) दिल्ली
(C) उत्तरप्रदेश (D) मध्यप्रदेश

**(C)** राष्ट्रीय राजधानी में नौकरशाही पर किसका नियंत्रण है, इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार के पक्ष में फैसला सुनाया। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने फैसला सुनाया कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की विधायी शक्तियों के बाहर के क्षेत्रों को छोड़कर, सेवाओं के प्रशासन में नौकरशाही पर विधायिका का नियंत्रण हैं।



**10. हाल ही में नरेंद्र मोदी ने किस राज्य में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया ?**

(A) गुजरात (B) असम
(C) मध्यप्रदेश (D) ओडिशा

**(A)** पीएम मोदी ने गुजरात में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। ये परियोजनाएं गुजरात के गांधीनगर में 4400 करोड़ रूपये की हैं। प्रधानमंत्री गांधीनगर में अखिल भारतीय शिक्षा संघ अधिवेशन में भी शामिल हुए। पीएम ने गिफ्ट सिटी का भी दौरा किया। उन्होंने गांधीनगर में अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के 29वें द्विवार्षिक सम्मेलन में भी भाग लिया।

